मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय : जबलपुर

//आवश्यक सूचना//

क्रमांक– 1027/परीक्षा/2021 जबलपुर, दिनांक–11.02.2021

जिला न्यायालयों में जूनियर सिस्टम एनालिस्ट के पद में चयनित अभ्यर्थियों का जिला आवंटन मेरिट के आधार पर उच्च न्यायालय द्वारा **काउँसलिंग** (Counseling) के माध्यम से किया जाना है, अतः चयनित अभ्यर्थियों को **दिनांक–16.02.2021 (मंगलवार)** को अनिवार्य रूप से दोपहर **12.00 बजे, प्रशासनिक भवन, म0प्र0 उच्च न्यायालय, जबलपुर** उपस्थित होना हैं।

यदि कोई चयनित अभ्यर्थी निर्धारित दिनाँक व समय में उपस्थित नहीं होता है अथवा विलम्ब से उपस्थित होता है अथवा काउँसलिंग छोड़कर चला जाता है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी के जिले का आवंटन उसी दिन परीक्षा सेल द्वारा किसी भी जिले में किया जा सकेगा एवं इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। काँउसलिंग दिवस में अभ्यर्थियों को निम्नलिखित तथ्यों का विशेष ध्यान रखना है।

1. चयनित अभ्यर्थियों को जिले का आवंटन उनकी मेरिट (अंतिम चयन सूची के क्रमानुसार) के आधार पर वरीयता देते हुए किया जावेगा।
2. अभ्यर्थी काउँसलिंग स्थल में निर्धारित तिथि पर समय से 30 मिनट पूर्व उपस्थित हों ।
3. निर्धारित दिवस में अभ्यर्थी को अपने साथ अपना वैधानिक फोटो युक्त मूल परिचय पत्र (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि) लेकर स्वयं ही उपस्थित होना है।
4. काउँसलिंग के समय अभ्यर्थियों को जिला चयन के लिए सोचने–समझने का अधिक अवसर नहीं रहेगा, अतः चयनित अभ्यर्थी पूर्व में ही अपनी सुविधानुसार यह सुनिश्चित कर लें कि क्रमानुसार कौन–कौन से जिले उनके लिए अनुकूल है।
5. काउँसलिंग दिवस में चयनित अभ्यर्थी द्वारा पसंदीदा जिला आवंटन करने के लिए किसी भी प्रकार का संवाद अथवा पत्राचार काउँसलिंग के पूर्व अथवा पश्चात् स्वीकार नहीं किया जावेगा। यदि किसी अभ्यर्थी को उसका पसंदीदा जिला नहीं मिलता है, तो इस संबंध में किसी **अधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क स्वीकार्य नहीं होगा।**
6. काउँसलिंग का आयोजन केवल चयनित अभ्यर्थियों के लिए किया गया है, वे अभ्यर्थी जिन्हें प्रतीक्षा सूची में स्थान दिया गया है वे काउँसलिंग दिवस में उपस्थित न हो।

2

7. जिला आवंटन के पश्चात् नियुक्ति आदेश संबंधित नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा प्रेषित किया जावेगा इस संबंध में परीक्षा सेल, उच्च न्यायालय द्वारा किसी भी प्रकार का पत्राचार (अभ्यावेदन) एवं दूरभाष संपर्क स्वीकार नहीं किया जावेगा।

8. चयनित अभ्यर्थियों को काउँसलिंग स्थल में पहुँचने के लिये किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

9. काउँसलिंग कार्य में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार अथवा कदाचरण करने पर संबंधित अभ्यर्थी को काउँसलिंग प्रक्रिया से बाहर कर दिया जावेगा।

10. **काउँसलिंग दिवस में अभ्यर्थी के साथ आये अन्य परिजनों को कॉंउसलिंग स्थल में प्रवेश नहीं दिया जावेगा ।**

11.02.2021

(आलोक मिश्रा)
रजिस्ट्रार (परीक्षा)

जूनियर सिस्टम एनालिस्ट के रिक्त पदों की जिलेवार जानकारी

क्रमांक	जिले का नाम	रिक्त पद की संख्या
1	अलीराजपुर	1
2	अनूपपुर	1
3	अशोक नगर	1
4	बालाघाट	1
5	बड़वानी	1
6	बैतूल	1
7	भिंड	1
8	भोपाल	1
9	बुरहानपुर	1
10	छतरपुर	1
11	छिंदवाड़ा	1
12	दमोह	1
13	दतिया	1
14	देवास	1
15	धार	1
16	डिंडोरी	1
17	खंडवा	1
18	गुना	1
19	ग्वालियर	1
20	हरदा	1
21	होशंगाबाद	1
22	इंदौर	1
23	जबलपुर	1
24	झाबुआ	1
25	कटनी	1
26	मंडला	1
27	मंदसौर	1
28	मुरैना	1
29	नरसिंहपुर	1
30	नीमच	1
31	पन्ना	1
32	रायसेन	1
33	राजगढ़ (ब्यावरा)	1
34	रतलाम	1
35	रीवा	1
36	सागर	1
37	सतना	1
38	सीहोर	1
39	सिवनी	1
40	शहडोल	1
41	शाजापुर	1
42	श्योपुर	1
43	शिवपुरी	1
44	सीधी	1
45	टीकमगढ़	1
46	उज्जैन	1
47	उमरिया	1
48	विदिशा	1
49	मण्डलेश्वर	1
50	सिंगरौली [बैढ़न]	1
कुल रिक्त पदों की संख्या		**50**